no specific proposal from Govt. of Gujarat State for allocation of more funds for the development of small scale industries.

(b) Does not arise.

(c) No Sir. The Eighth Plan approved outlay for small scale industries is Rs. 22242 lakhs as against Rs. 9623 lakhs in the Seventh Plan.

(d) Does not arise.

गुजरात और मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में केन्द्रीय योजनाएं

1965. श्री राजूभाई ए० परमार : क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में गुजरात और मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में शुरू की गई केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं का ब्यौरा क्या है,

(ख) आज तक प्रत्येक योजना के मामले में चरण-वार कितनी प्रगति हुई है, और

(ग) प्रत्येक योजना के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) से (ग) केन्द्र प्रायोजित स्कीमें केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ परामर्श से तैयार की जाती हैं और राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनका क्रियान्वयन किया जाता है । योजना आयोग की उनके क्रियान्वयन में कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है । संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा इन स्कीमों की निगरानी की जाती है । तथापि, योजना आयोग सामान्य रूप से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ वार्षिक योजना विचार-विमर्श के दौरान सभी योजना स्कीमों के क्रियान्वयन की समीक्षा करता है ।

गुजरात में पिछड़े क्षेत्रों के लिए सहायता

1966. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी** : क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान केन्द्र सरकार ने गुजरात के कतिपय जिलों को "पिछड़े क्षेत्र" के रूप में घोषित किया है,

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या सरकार ने इन जिलों के लिए उपर्युक्त वित्तीय वर्षों के बजटों में किसी सहायता का प्रावधान किया था,

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ङ) प्रदत्त अथवा प्रदान की जा रही सहायता का मापदण्ड क्या था, और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) जी, नहीं ।

(ख) से (च) प्रश्न नहीं उठते ।

Funds Allocated to Tamil Nadu for Irrigation Projects

1967. SHRI S. AUSTIN: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state :

(a) the funds allotted to Tami Nadu for various irrigation projects during the last three years;

(b) the details of the projects for which the funds have been allotted; and

(c) the details of such projects for which foreign agencies have provided assistance ?